न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– जीतू कुलहरी, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 447/2022 — दायर दिनाँक .12.12.2022

वादी		प्रतिवादी
1. मुन्नीदेवी पत्नि संदीप कुमार जाति जाट निवासी धनकोली तहसील मौलासर जिला नागौर राज0।	बनाम्	1. तहसीलदार मौलासर।

दावा बाबत्

रेकर्ड दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 L.R. Act.

उपस्थितः–

1. श्री मुकेश थोरी एडवोकेट वादी।

–:: निर्णय ::–

दिनाँक 22.03.2023

वाद के तथ्य संक्षेप्त में इस प्रकार है कि वादीनी की एकल खातेदारी का खेत वर्तमान खेत खसरा सं0 241/1686 रकबा 0.0400 हैक्टे0 जिसके पुराना खसरा सं0 1551/1422 रकबा 05 बिस्वा किस्म भूमि बारानी प्रथम मौजा धनकोली, पटवार हल्का धनकोली, भू–अभिलेख नि0 धनकोली तहसील मौलासर जिला नागौर में अवस्थित है।

यह है कि भू–प्रबन्धक विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों ने भूलवश राजस्व रिकॉर्ड में वादीनी के खेत खसरा सं0 पुराना 1551/1422 रकबा 05 बिस्वा जिसके नये खसरा सं0 241/1686 रकबा 0.0400 हैक्टे0 के राजस्व रेकर्ड नक्शे में छेड़छाड़ करते हुए राजस्व नक्शे में वादीनी का खेत अन्यत्र स्थान पर दर्शित कर दिया जो नजरी नक्शा में मार्क KLMN से दर्शित किया गया है जो कि गलत है जबकि वादीनी का मौके पर वास्तविक व भौतिक रूप से कब्जा काश्त अन्यत्र स्थान पर है जिसे नजरी नक्शा में मार्क ABCD से दर्शित किया गया है जो कि सहीं है जिस पर वादीनी काबिज है तथा कृषि कार्य करती है। नजरी नक्शा वाद के साथ पेश है जो कि वाद ही अंग है।

यह है कि वादीनी द्वारा प्रस्तुत नजरी नक्शे में दर्शित मार्क ABCD के अनुसार वास्तविक रूप से मौके पर वादिनी काबिज है परन्तु भू प्रबन्धक विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों ने गलत तरीके से उक्त खसरा नम्बर पुराना 1551/1422 व नया 241/1686 की भूमि का अन्य स्थान मार्क KLMN पर दर्शित कर दिया।

वादीनी की प्रार्थना इस प्रकार हैः–

यह है कि वादीनी के वर्तमान खेत खसरा सं0 241/1686 को नजरी नक्शा में दर्शित मार्क KLMN के स्थान से हटाकर मार्क ABCD स्थान पर राजस्व नक्शे में कायम कर राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त किया जाने का सादर आदेश फरमावें।

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Jeetu Kulhari
Date: 2024.01.02 17:08:03 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

वादीनी का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार मौलासर के पत्र क्रमांक/राजस्व/2023/633 दिनांक 03.03.2023 के द्वारा रिपोर्ट प्राप्त हुई तहसीलदार मौलासर की रिपोर्ट के अनुसार खसरा सं० 241/1686 ग्राम धनकोली में मुन्नीदेवी पत्नि संदीप कुमार के नाम दर्ज है जिसमें दौरान भू–प्रबन्ध कार्यवाही राजस्व रेकर्ड नक्शा में तरमीम गलत दर्ज हो गई है। जो कि तहसीलदार मौलासर की उक्त रिपोर्ट में नजरी नक्शा में दर्शितानुसार सही है।

विद्वान अधिवक्ता वादीनी की सारगर्भित बहस सुनी गयी, अधिवक्ता वादीनी ने वाद को डिक्री किये जाने का निवेदन किया, विद्वान अधिवक्ता की बहस पर मनन किया।

अतः पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। तत्सम्बन्धी विधि का अध्ययन् किया। अतः बाद विवेचन, वाद वादी डिक्री किया जाता है।

–:: आदेश ::–

अतः हस्व दावा डिक्री सादिर कर वादीनी के सरहद ग्राम धनकोली के वर्तमान खेत खसरा सं0 241/1686 रकबा 0.0400 हैक्टे0 भूमि का रिकॉर्ड राजस्व नक्शा (तरमीम) तहसीलदार मौलासर की तथ्यात्मक रिपोर्ट क्रमांक/राजस्व/2023/633 दिनांक 03.03.2023 के साथ संलग्न मौका पर्चानुसार राजस्व नक्शे में कायम कर रिकॉर्ड दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार मौलासर की तथ्यात्मक रिपोर्ट जरिये पत्र क्रमांक/राजस्व/2023/633 दिनांक 03.03.2023 उक्त निर्णय एवं डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो।

(जीतू कुलहरी R.A.S.)
सहायक कलक्टर
डीडवाना

निर्णय आज दिनाँक 22.03.2023 को सरे इजलास सुनाया गया।

(जीतू कुलहरी R.A.S.)
सहायक कलक्टर
डीडवाना

Signature Not Verified

Digitally signed by Jeetu Kulhari
Date: 2024.01.02 17:08:03 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

डिक्री बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः— सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : पीठासीन अधिकारीः— जीतू कुलहरी, R.A.S.
राजस्व वाद संख्याः 447/2022 दायर दिनाँक 12.12.2022

वादी		प्रतिवादी
1. मुन्नीदेवी पत्नि संदीप कुमार जाति जाट निवासी धनकोली तहसील मौलासर जिला नागौर राज0।	बनाम्	1. तहसीलदार मौलासर।

दावा बाबत्
रेकर्ड दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 L.R. Act.

दिनाँक 22.03.2023

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री मुकेश थोरी एडवोकेट वादीया की ओर से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि, हस्व दावा डिक्री सादिर कर वादीनी के सरहद ग्राम धनकोली के वर्तमान खेत खसरा सं0 241/1686 रकबा 0.0400 हैक्टे0 भूमि का रिकॉर्ड राजस्व नक्शा (तरमीम) तहसीलदार मौलासर की तथ्यात्मक् रिपोर्ट क्रमांक/राजस्व/2023/633 दिनांक 03.03.2023 के साथ संलग्न मौका पर्चानुसार राजस्व नक्शे में कायम कर रिकॉर्ड दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार मौलासर की तथ्यात्मक रिपोर्ट जरिये पत्र क्रमांक/राजस्व/2023/633 दिनांक 03.03.2023 उक्त निर्णय एवं डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा। तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो।

नीज..........–.......... मुबलिंग............–............... बाबत.....................–...............
खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह.........–......... आज की तारीख को अदा करें।
बसब्त मेरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज की तारीख 22.03.2023 को सरे इजलास में जारी की गयी।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना

मुद्दई	रूपया	पैसे	मुदायलह	रूपया	पैसे
स्टाम्प अर्जीदावा स्टाम्प वकालतनामा स्टाम्प वजह सबूत महनताना वकील खर्चा गवाहान फिस कमिश्नर बाबत इजराय हुक्मनामा मुतफर्रिक	– –		स्टाम्प वकालतनामा स्टाम्प अर्जी महनताना वकील खर्चा गवाहान फिस कमिश्नर बाबत इजराय हुक्मनामा मुतफर्रिक		
मिजान			मिजान		

नोटः—इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा हर जो फरीक ... के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Jeetu Kulhari
Date: 2024.01.02 17:08:03 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner